अनुक्रमांक .... कूट सं. : 820157.1–SA_1 (M)

कक्षा – आठवीं

धर्म शिक्षा

(संकलनात्मक मूल्यांकन – I)

कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में कुल 30 प्रश्न हैं और कुल 4 मुद्रित पृष्ठ हैं।

निर्धारित समय : 3 घंटे अधिकतम अंक : 90

सामान्य निर्देश :

1. इस प्रश्नपत्र के पाँच खण्ड हैं – क, ख, ग, घ और ङ।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर देते समय उत्तर–पुस्तिका में प्रश्नों की क्रम संख्या अवश्य लिखें।
4. इस प्रश्न पत्र में कुल 30 प्रश्न हैं।

(खण्ड - क)

प्रश्न एक से दस में सही विकल्प छाँट कर एक को लिखें।

1. वसुधा का अर्थ है –

   (क) आकाश (ख) पृथ्वी

   (ग) अमृत (घ) वसुओं वाली 1

2. पन्थाई पाखण्ड बिसारी का अर्थ है –

   (क) पाखण्ड़ के रास्ते पर चलकर (ख) पाखण्ड़ के रास्ते को भुलाकर

   (ग) पाखण्ड़ के रास्ते पर गाकर (घ) पाखण्ड़ के रास्ते पर चलाकर 1

3. मानव के मन मन्दिर की ज्योति का प्रकाश पुंज कौन है –

   (क) शिवहरि (ख) ओ३म्

   (ग) महादेव (घ) प्रकाश 1

4. प्रेम के प्रयोगी को क्या बोलना चाहिए –

   (क) सूक्ति (ख) श्लोक

   (ग) ओ३म् (घ) गीत 1

5. सुजान का अर्थ है –

   (क) सज्जन (ख) दुर्जन

   (ग) निर्जन (घ) कृष्ण 1

6. 'वासांसि जीर्णानि यथा विहाय' यह श्लोकांश किस ग्रन्थ का है?

(क) रामायण (ख) पुराण

(ग) गीता (घ) वेद 1

7. संसार की समस्त परिष्कृत भाषाओं में कौन सी भाषा प्राचीनतम् है -

(क) प्राकृत (ख) संस्कृत

(ग) पाली (घ) हिन्दी 1

8. संस्कृत किनकी भाषा है -

(क) हिन्दुओं की (ख) मानवमात्र की

(ग) सिक्खों की (घ) मुसलमानों की 1

9. किसने हिन्दी को आर्य भाषा के नाम से पुकारा -

(क) महात्मा गाँधी (ख) स्वामी रामतीर्थ

(ग) स्वामी दयानन्द (घ) स्वामी विवेकानन्द 1

10. शास्त्रों में कितने कर्म बताये गए हैं -

(क) चार (ख) तीन

(ग) सात (घ) आठ 1

(खण्ड - ख)

11. मनुष्य का अधिकार किसमें है और किसमें नहीं? 2

12. श्रीकृष्ण ने अर्जुन को किसका उपदेश, किसकी अमरता का वर्णन करते हुए दिया? 2

13. नित्य कर्म किसे कहते हैं? 2

14. डी ए वी के साथ दयानन्द जी का और हंसराज जी का क्या सम्बन्ध है? 2

15. डी ए वी गान के प्रथम पद्य में डी ए वी के लिए प्रयोग किए गए कोई चार विशेषण लिखिए? 2

(खण्ड - ग)

16. ओ३म् ध्वज ही सार्वभौम ध्वज क्यों है? 3

17. उस (ओ३म्) नाद का त्याग कौन करते हैं? 3

18. अतिथि यज्ञ किस प्रकार किया जाता है? यह किस कर्म के अन्तर्गत आता है? 3

19. 'सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात् मा ब्रूयात् सत्यमप्रियम्' मनुस्मृति के इस कथन का अर्थ लिखें। 3

20. मानसिक हिंसा किसे कहते हैं? 3

(खण्ड - घ)

21. 'ओंकार एवेदं सर्वम्' का अर्थ लिखकर उसका भाव स्पष्ट करें? 5

22. गायत्री मन्त्र का जप करते हुए उपासक के मन में कैसी भावना होनी चाहिए? 5

23. हमें संस्कृत भाषा का अध्ययन क्यों करना चाहिये? 5

24. डॉ. राममनोहर लोहिया जी और गुरु गोविन्द सिंह जी के संस्कृत प्रेम को दर्शाएं? 5

25. राजर्षि टंडन अंग्रेजी के लिए पन्द्रह वर्ष की छूट क्यों नहीं देना चाहते थे? 5

(खण्ड - ङ)

26. ओ३म नाम का महत्त्व स्पष्ट कीजिए? 6

अथवा

ओ३म् शब्द की व्याख्या एवं निम्नलिखित दोहे का भावार्थ लिखें।

ओ३म् नाम सबसे बड़ा, इससे बड़ा न कोय।
जो इसका सुमिरन करे, शुद्ध आत्मा होय।।

27. गायत्री-मन्त्र का अर्थ लिखें। 6

अथवा

महात्मा आनन्द स्वामी को प्राप्त हुए गायत्री के जाप के फल का उल्लेख करें।

28. गुरु गोविन्द सिंह ने हिन्दी के लिए क्या किया? 6

अथवा

किसी भी राष्ट्र के लिए एक राष्ट्रभाषा का होना आवश्यक क्यों है?

29. बलिवैश्वदेव यज्ञ की विधि का उल्लेख करें और बताएं यह किस कर्म के अन्तर्गत आता है? 6

अथवा

पितृयज्ञ किस प्रकार किया जाता है? अभिवादनशील को किन चार वस्तुओं की प्राप्ति होती है?

30. ब्रह्मचर्य का क्या महत्त्व है? 6

अथवा

यम का क्या अर्थ है? जीवन में यमों का पालन करने से क्या लाभ होगा?